Title: Need to formulate concrete Plans to solve acute drinking water problem in Jalesar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-Laid

प्रों एस.पी. सिंह बघेल (जलेसर): महोदय, इस सदन के माध्यम से मैं केन्द्रीय सरकार का ध्यान जलेसर क्षेत्र के ग्राम ऐरई,रजापुर,महापुर चिलासनी, नालापुर, मीलनगर, सिकन्दरपुर, शाहपुर, टिपरूआ, गिजौली, हाजीपुर खेड़ा आदि सैंकडों ग्रामों के गम्भीर पेय जल संकट की ओर दिलाना चाहूंगा। इन गांवों का पानी दूषित एंव खारा है। पूर्व में इस दूषित पानी को पीने से मृत्यु तक हो गई है। वह पानी इतना दूषित है कि ४० वर्ष की उम्र में ही लोंगों के दांत गिर जाते हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को इस पानी को पीने से दिन में चार-पाच बार शोच के लिये जाना पड़ता है। इन ग्रामों की महिलाओं के जीवन का अधिकांश समय दो वक्त पानी लाने और ले जाने में गुजर जाता है। पेय जल संकट के कारण लड़कों की शादियां तक होनी बन्द हो गई है। इससे आर्थिक संबंधों में नैतिक गिरावट आई है तथा व्याभिचार बढ़ रहा है।

कृपया केन्द्रीय सरकार की टीम वहां भेज कर जल परीक्षण करा कर कोई बड़ी योजना पेय जल की बना कर पेय जल संकट को दूर करने का कष्ट करें।